संख्या–3505 /60–2–13–2/13(19)/05 टी.सी.।

प्रेषक,

कामिनी चौहान रतन
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 03 जनवरी, 2014

विषयः– जून, 2013 में आयोजित बाल स्वास्थ्य पोषण माह कार्यक्रम के परिणाम एवं कार्यवाही हेतु दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार वर्ष 2013 में बाल स्वास्थ्य पोषण माह विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का पहला चरण माह जून, 2013 में आई.सी.डी.एस. एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के 09 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की छमाही खुराक से बच्चों को आच्छादित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त 75 जनपदों से प्राप्त बाल स्वास्थ्य पोषण माह की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश मे जून माह की विटामिन ए की कवरेज 53.2 प्रतिशत रही। इस दौरान विभाग एवं सहयोगी संस्था द्वारा विभिन्न जनपदों के 393 टीकाकरण सत्रों का भी अनुश्रवण किया गया। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मुख्य बिन्दु निम्नानुसार है :–

(1) 84 प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के पास चयनित बच्चों की सूची पायी गयी लेकिन उनमें से 50 प्रतिशत से भी अधिक कार्यकताओं द्वारा पूरी सूची तैयार नहीं की गयी थी। मथुरा, पीलीभीत, हापुड़, जे0पी0 नगर, आगरा, मैनपुरी, शाहजहॉपुर, मिर्जापुर, अमेठी, आजमगढ़, जौनपुर एवं बस्ती में चयनित बच्चों की संख्या सबसे कम पायी गयी।

(2) इसके अतिरिक्त जितने भी बच्चे चिन्हित किये गये उनमें से भी विटामिन ए से आच्छादित बच्चों की संख्या कम पायी गयी। छूटे हुए बच्चों को विटामिन ए सम्पूरण हेतु कोई भी अतिरिक्त प्रयास नहीं किया गया। सम्बन्धित विभाग एवं सहयोगी संस्था द्वारा अनुश्रवण किये गये 325 सत्रों में से केवल 9 सत्र ऐसे पाये गये जिसमें 80 से अधिक बच्चों को विटामिन ए पिलवाया गया।

(3) 47 प्रतिशत सत्रों पर आंगनवाडी कार्यकत्रियॉ बच्चों को मोबालाइज कर सत्र पर ला रही थी।

(4) 63 प्रतिशत टीकाकरण सत्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित पायी गयी। विशेष रूप से जनपद बहराइच, जे0पी0 नगर, एटा, पीलीभीत एवं इटावा में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी।

(5). 64 प्रतिशत सत्रों पर वजन मशीन उपलब्ध नहीं थी और न ही किसी सत्र पर बच्चों का वजन लिया जा रहा था। बाल स्वास्थ्य पोषण माह जून, 2013 रिपोर्ट के अनुसार 36 प्रतिशत सत्रों पर 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों का वजन लिया गया जिसके अनुसार बच्चों का पोषण स्तर 59 प्रतिशत सामान्य में, 14 प्रतिशत कुपोषण एवं 0.9 प्रतिशत अति कुपोषण की श्रेणी में पाये गये जो औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। 26 प्रतिशत बच्चों का वजन नहीं लिया गया।

(6) बाल स्वास्थ्य पोषण माह कार्यक्रम पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी काफी कम पायी गयी। केवल 13 प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यक्रम के दौरान दी जाने

वाली चार सेवाओं की जानकारी थी। 56 प्रतिशत कार्यकत्रियों में विटामिन ए की पहली एवं दूसरी खुराक किस उम्र के बच्चों को दी जाती है इसकी जानकारी क्रमशः 56 प्रतिशत एवं 39 प्रतिशत पायी गयी। केवल 43 प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अपने सत्रों के विटामिन ए हेतु लक्षित बच्चों की जानकारी थी।

2. इस संबंध में सम्बन्धित जनपद की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को माह दिसम्बर में प्रस्तावित बाल स्वास्थ्य पोषण माह में उक्त कमियों को दूर करने हुए निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

(1) समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियॉ अपने क्षेत्र का सर्वे पूर्णकर 09 माह से 5 वर्ष तक के समस्त चिन्हित बच्चों की सूची तैयार करें। चिन्हित बच्चों की संख्या स्वास्थ्य विभाग को भी उपलब्ध करायें।

(2) चिन्हित किये गये समस्त पात्र बच्चों को विटामिन ए के खुराक पिलवायी जाय कोई भी पात्र बच्चा न छूटे।

(3) टीकाकरण स्थल पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं विटामिन ए से आच्छादित बच्चों का वजन लिया जाय एवं उनके पोषण स्तर का सही अंकन कराया जाय।

(4) टीकाकरण स्थल पर चिन्हित बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा लाया जाय एवं बच्चों को विटामिन ए पिलाने में ए.एन.एम. को सहयोग दिया जाय।

(5) समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं को निर्देशित किया जाय कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली संयुक्त नियोजन बैठक में प्रतिभाग करें तथा बाल स्वास्थ्य पोषण कार्यक्रम की पूरी जानकारी कार्यकर्ताओं को दी जाय।

(6) महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 08 नवम्बर 2013 को माह दिसम्बर 2013 में आयोजित होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह हेतु जारी किये गये दिशा–निर्देशों के क्रम में रिपोर्टिंग प्रपत्र पर आईसीडीएस से सम्बन्धित जानकारी निदेशालय प्राप्त की जाय तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रत्येक सत्र दिवस पर कम से कम 2 सत्र का अनुश्रवण अवश्य करें और उसकी भी सूचना निदेशालय प्रेषित की जाय।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार बिन्दुओं पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं दिसम्बर, 2013 माह में आयोजित होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाय।

भवदीया,

कामिनी चौहान रतन
सचिव

संख्या–3505 (1)/60–2–13, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0।
3. राज्य कार्यक्रम प्रतिनिधि, माइको न्यूट्रिएण्ट इनिशिएटिव, 2/60 विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
4. कार्यक्रम अधिकारी, यूनीसेफ, 3/194 विपुल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

आज्ञा से,

02/1/14

(मिश्रीलाल पासवान)
विशेष सचिव

C:\Documents and Settings\anubhag 2\Desktop\SECTION-2-M- 2013\Laxman\GO- 2013.doc